# 28

# कथन व कार्यवाही (Statement & Action)

इस प्रकार की परीक्षा में एक कथन दिया होता है तथा उसके साथ ही तीन या दो कार्यवाहियां दी जाती है जिनमें से एक सही रूप से तर्कसंगत होती है इसे कथन में सभी प्रकार की चीजों को ध्यान में रखकर ठीक या तर्कसंगत कार्यवाही को बताना होता है।

**निर्देश : (प्रश्न 1 – 5)** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे I और II क्रमांकित दो कार्यवाहियाँ दी गयी हैं। कोई कार्यवाही एक कदम या प्रशासनिक निर्णय होता है, जो कि कथन में दी गयी जानकारी के आधार पर किसी भी समस्या के या नीति के मामले में अनुवर्ती कार्यवाही या आगामी कार्यवाही हेतु या उसमें सुधार हेतु उठाया जाता है। आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य समझना है और फिर यह निर्णय करना है कि सुझाई गई दो कार्यवाहियों मे से कौनसी कार्यवाही अनुगमन हेतु तर्कसंगत निकलती है।

**उत्तर (a)** दीजिए, यदि केवल कार्यवाही I निकलती है,

**उत्तर (b)** दीजिए, यदि केवल कार्यवाही II निकलती है,

**उत्तर (c)** दीजिए, यदि या तो कार्यवाही I या II निकलती है,

**उत्तर (d)** दीजिए, यदि न तो कार्यवाही I और न ही II निकलती है,

**उत्तर (e)** दीजिए, यदि I और II दोनों कार्यवाहियाँ निकलती हैं।

1. **कथन : मानवता के प्रति उचित कियान्वयन हेतु भिखारियों को दान न दें।**

**कार्यवाहियाँ :**

I भिखारियों को दान देना अच्छा नहीं है।

II सभी लोगों को पारिश्रम के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

2. **कथन : ओले पड़नें से ठण्ड बढ़ जाती है, जिससे अचानक लोगों की जान भी जा सकती है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I सरकार को ओले पड़नें की सूचना पहले ही दे देनी चाहिए।

II सरकार द्वारा लोगों को सर्दी में ऊनी वस्त्र आबंटित किये जाने चाहिए।

3. **कथन : पांचवें वेतन आयोग की संस्तुति को अगले आदेश तक के लिए रोकना जरुरी हो गया है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I वेतन आयोग की मंजूरी का पालन अत्यन्त जरुरी हो गया है।

II हड़ताल से बचने के लिए सरकारी तंत्र को क्रियाशील होना चाहिए।

4. **कथन : अर्थव्यवस्था का संतुलन गरीबों के लिए लाभप्रद हो सकता है परन्तु स्थाई नहीं।**

**कार्यवाहियाँ :**

I अर्थव्यवस्था का स्तर ऐसा होना चाहिए जोकि अन्य लोगों को खुशहाल रख सके।

II आर्थिक नीति गरीबों के परिप्रेक्ष्य में बनायी जानी चाहिए।

5. **कथन : प्राइवेट कोचिंग संस्थान में लड़कों के प्रवेश में चयन परीक्षा व साक्षत्कार को माध्यम बनाया जाना चाहिए न कि पैसे कमाने की पद्धति को। यह इसलिए आवश्यक हुआ है, क्योंकि इसमें प्रवेश पाने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I उपार्जित ज्ञान के प्रसारण वाले संस्थानों को सरकारी प्रभाव क्षेत्र के अन्तर्गत कर देना चाहिए।

II प्रवेशार्थियों को सरकारी संस्थान हेतु अग्रसरित किया जाना चाहिए।

6. **कथन : स्टार्च को पचाने के लिए टाइलिन नामक एन्जाइम अगर पाचन-तंत्र में अनुपस्थित हो जाए तो मनुष्य के शरीर की त्वचा शुष्क हो जाती है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I शुष्क त्वचा से बचने के लिए टाइलिन का इन्जेक्शन लेना चाहिए।

II शुष्क त्वचा से बचने के लिए स्टार्च का उपयोग बन्द कर देना चाहिए।

7. **कथन : खेत की अच्छी जुताई के बगैर अथवा बिना उन्नत तकनीक इस्तेमाल किए फसल उत्पादन में वृद्धि नहीं हो पाती है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I खेत की बुवाई में उन्नत तकनीक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

II इसके लिए विज्ञापनो तथा समाचार माध्यमों से व्यापक प्रचार करना चाहिए, ताकि लोग इसकी गुणवत्ता को समझकर फसल के उत्पादन में वृद्धि कर सकें।

8. **कथन : परीक्षा में उच्चतम अंक लाने हेतु मनुष्य में परिश्रम के साथ-साथ एकाग्रचित्त भावना और समयबद्धता का होना जरूरी होता है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I लागों को यह सलाह देनी चाहिए कि वे परीक्षा के दौरान अधिकाधिक परिश्रम करें।

II एकाग्रचित्त और समयबद्धता के लिए संयमित जीवन व्यतीत करना चाहिए जिससे परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त हो सकें।

9. **कथन : पुस्तक या किसी तथ्य को प्रकाशित करने के लिए जल्दबाजी बरतने में गलती की सम्भावना अधिक रहती है। अपितु किसी दूसरे के तथ्य की नकल करना भी एक कानूनी अपराध हैं।**

**कार्यवाहियाँ :**

I पुस्तक नकल अधिनियम का सत्यापन मिल जाने के बाद ही पुस्तक का प्रकाशन किया जाना चाहिए।

II पुस्तक के प्रकाशन में अधिक समय लगाया जाना चाहिए, ताकि कोई गलती न हो।

**10. कथन : पिछले तीन महीनों से इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी के पूर्वी क्षेत्र के निवासियों को काफी बढ़ी चढ़ी राशि के बिजली के बिल मिल रहे हैं।**

**कार्यवाहियाँ :**

I कम्पनी पूर्वी क्षेत्र के बिजली के बिल बनाने की प्रक्रिया की जांच कर उसमें सुधाार कर सकती है।

II जब तक उपभोक्ताओं को सुधारे गये बिल दिये जाये तब उनसे कहना चाहिए कि अपने पुराने औसत बिलों के आधार पर अपने बिलों का भुगतान करें।

**11. कथन : हाल ही का एक अध्ययन दर्शाता है कि सन 2010 तक कुल औरतों में से ऐसी 70% औरतें जिनके बच्चे स्कूल जाने योग्य आयु से पूर्व आयु के होंगे घर से बाहर काम पर लगी होगी।**

**कार्यवाहियाँ :**

I भविष्य में कई औरतें ऑफिस नहीं जायेंगी क्योंकि घर पर ही इनको काम होंगे।

II सेवाओं की गुणवत्ता और ढांचागत सुविधाओं की दृष्टि से औरतों के रोजगार के वर्तमान स्तर को ऊंचा उठाने की आवश्यकता है।

**12. कथन : कई न्यायिक मामलों में देरी से मुख्य गतिरोध मजिस्ट्रेट कोर्ट में लगे हुए कॉंस्टेबलों द्वारा सम्मन जारी करना है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I इस तरह के मामलों को कोर्ट के बाहर की सुलझाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

II कुछ अभियोगों/अपराधों को बोधगम्य अपराध के रूप में लेने की आवश्यकता नहीं है।

**13. कथन : फण्ड उपलब्ध होने के बावजूद रेशम-कीट पालन विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में कमी के कारण X राज्य में सिल्क का उत्पादन असामान्य रूप से कम हुआ है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I X राज्य सरकार को उन कमियों का अधययन करना चाहिए और उसे दूर करने के लिए सही कदम उठाना चाहिए।

II राज्य के सिल्क उत्पादकों को इस वर्ष तकनीकी सहायता दी जानी चाहिए।

**14. कथन : एस.एस.सी. परीक्षाओं के पेपर जाँचने का काम तीव्र गति से करने के लिए X राज्य के परीक्षा बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि जूनियर कॉलेज परीक्षाओं में अस्थायी तथा अनुभवहीन शिक्षकों को भी परीक्षक नियुक्त किया जाये।**

**कार्यवाहियाँ :**

I अधािक ज्ञान और अनुभव की कमी के बाद भी कठिन परिश्रम कर रहे शिक्षकों को उच्च प्रतिपूर्ति मिलनी चाहिए।

II इन शिक्षकों को अनुभवी परीक्षकों द्वारा उचित मार्गदर्शन दिये जाने की आवश्यकता है इनके निरीक्षण में केन्द्रीयकृत मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

**निर्देश : (प्रश्न 15 – 19) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे I, II और III क्रमांकित तीन कार्यवाहियाँ दी गयी हैं। आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य समझना है और फिर यह निर्णय करना है कि सुझाई गई तीन कार्यवाहियों मे से कौनसी कार्यवाही अनुगमन हेतु तर्कसंगत निकलती है।**

**15. कथन : हाल ही के समाचारों से पता चलता है कि बाढ़ के कारण उत्तर कोरिया में खाद्यान्न की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। उसके पास खाद्यान्नों की मात्रा जरुरत से आधी रह गयी है पोषाहार के अभाव में बच्चों के पेट बढ़नें, चमड़ी फटने के साथ- साथ सूखे की बीमारी भी फैलने लगी है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I उसे अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रांस से मदद लेनी चाहिए।

II उसे बाढ़ के नियंत्रण के लिए तटबंधों का निर्माण करवाना चाहिए।

III उसे ग्रामीण व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए।

(a) सिर्फ I (b) सिर्फ II और III

(c) सिर्फ II (d) सभी

(e) सिर्फ I और II

16. **कथन :एशिया महाद्वीप के लिए बाल वेश्यावृति एक कलंक बन गयी है और दिनोंदिन इसका विस्तार होता जा रहा है इसके बावजूद कि इस महाद्वीप में लोगों की संपन्नता बढ़ी है, यह धंधा और भी फल-फूल रहा है।**

**कार्यवाहियाँ :**

I लोगों में चेतना जागृत की जानी चाहिए।

II इस तरह के धंधें में लगे लोगों को सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए।

III इस तरह की समस्याओं से निपटनें के लिए प्रत्येक देश की सरकार को एक विशेष कार्यदल गठित करनी चाहिए।

(a) सिर्फ I (b) सिर्फ II और III

(c) सिर्फ III (d) सिर्फ I और III

(e) सभी

# उत्तरमाला

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.(b) | 2.(e) | 3.(d) | 4.(b) |
| 5.(d) | 6.(a) | 7.(e) | 8.(b) |
| 9.(b) | 10.(e) | 11.(b) | 12.(e) |
| 13.(a) | 14.(a) | 15.(e) | 16.(e) |